हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 29 दिसंबर 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

07 कांग्रेस के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता ...



08 पढ़ने की उम्र में कचरा बीनने के साथ भीख मांग रहा



## खबर संक्षेप

### हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ पुतला दहन



**विदिशा।** रविवार को शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) के प्रदेश अध्यक्ष राजीव चतुर्वेदी एवं जिला प्रमुख राहुल जोशी के नेतृत्व में माधवगंज चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष आशीष मालवीय, जिला संयोजक आशीष शर्मा, भोपाल संभाग उपाध्यक्ष गजेंद्र कुशवाह, जिला महामंत्री मुकेश राजपूत, जिला सचिव डब्बू जैन सहित नगर, वार्ड एवं संगठन के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नेत्र परीक्षण शिविर में 500 ने कराई जांच



**विदिशा।** लायंस क्लब व सद्गुरु सेवा ट्रस्ट आनंदपुर के माध्यम से नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 500 से अधिक लोगों ने पंजीयन कराकर अपनी आंखों की जांच कराई। जांच के दौरान कई मरीजों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गई, जिन्हें निशुल्क ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया है। समाजसेवी अतुल शाह ने बताया कि यह सेवा कार्य पिछले पांच वर्षों से निरंतर किया जा रहा है, जिससे सैकड़ों जरूरतमंद लाभान्वित हो चुके हैं।

### जैन मंडल ने रक्त जांच शिविर लगाया



**विदिशा।** रविवार को भारतीय संस्कार जैन मंडल द्वारा पुराना हॉस्पिटल रोड स्थित शशांक पैथोलॉजी में रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। मंडल प्रमुख नीताचिपिन सराफ ने बताया कि यह शिविर मयंक जैन के सहयोग से 50 प्रतिशत छूट पर कराया गया। शिविर की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी रहीं। टेक्नीशियन ओम प्रकाश शर्मा का आभार व्यक्त किया गया। शिविर में मंडल सदस्य विद्युत जैन, किरण जैन, मुक्ता जैन, विभा जैन, नम्रता सराफ, प्रीति बाला, संध्या जैन, नीतू जैन एवं मीना जैन आदि उपस्थित रहीं।

### इस बार सर्दी ने तोड़ा पांच साल का रिकॉर्ड

**विदिशा।** सर्दी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है और इस बार ठंड ने पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। जिले में न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। जो पिछले पांच वर्षों में इस तारीख का सबसे कम तापमान है। इससे पहले दिसंबर में इतना कम तापमान दर्ज नहीं हुआ था। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पूर्व दिशा से लगातार ठंडी हवा चल रही हैं, जिसकी वजह से दिन और रात दोनों के तापमान में गिरावट आई है। बीते कुछ दिनों में दिन का तापमान करीब 4 डिग्री और रात का तापमान लगभग 2.5 डिग्री तक गिर गया है। 7 से 8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवाओं के कारण शीतलहर जैसी स्थिति बनी हुई है। दिन में धूप कमजोर पड़ने से ठंड का असर और ज्यादा महसूस हो रहा है।

---

केंद्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान ने बांटे शील्ड और मेडल, रायसेन में होगा समापन

# मेहनत, अभ्यास और धैर्य से खेलों में भी ऊंचाइयों को छुआ जा सकता है: शिवराज





**विदिशा।** कबड्डी प्रतियोगिता में अपनी टीम को जिताने के लिए प्रयास करते हुए।



**विदिशा।** विजेता टीम को कप देकर पुरस्कृत करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

संसदीय खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत विदिशा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं का रविवार को समापन हुआ। कार्यक्रम में सांसद एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान ने विजेता और उपविजेता टीमों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को शील्ड एवं मेडल देकर सम्मानित किया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव का अंतिम चरण रायसेन जिले में आयोजित किया जाएगा। जहां विजेता एवं उपविजेता टीमों को नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि क्रिकेट और कबड्डी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को 1.50 लाख, 1 लाख और 50 हजार रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी, जबकि फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय विजेता को 21 हजार और 11 हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे। एसएसएल जैन कॉलेज परिसर में क्रिकेट, कबड्डी और फुटबॉल की विधानसभा स्तरीय फाइनल प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। क्रिकेट में दुर्गानगर मंडल, महिला कबड्डी में वेत्रवती मंडल, पुरुष कबड्डी में वेत्रवती मंडल, महिला फुटबॉल में गुलाबगंज मंडल और पुरुष फुटबॉल में वेत्रवती मंडल विजेता रहे। कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, विधायक मुकेश टंडन, कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, नपा अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, श्यामसुंदर शर्मा, तोरण सिंह दांगी, मनोज कटारे सहित जनप्रतिनिधि और खिलाड़ी और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### मिली यशवंतपुर हजरत निजामुद्दीन व संपर्क क्रांति के स्टॉपेज की सौगात

केंद्रीय किसान कल्याण तथा कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा रेलवे स्टेशन पर कई ट्रेनों के प्रायोगिक ठहराव को समर्पित करते हुए कहा कि यशवंतपुर–हजरत निजामुद्दीन और संपर्क क्रांति एक्सप्रेस का प्रदेश में दूसरा स्टापेज विदिशा को मिला है, जिससे शिक्षा, रोजगार, व्यापार और उद्योग के लिए आवागमन सुगम होगा। चौहान ने कहा कि विकास के लिए कनेक्टिविटी अत्यंत आवश्यक है, इसलिए सड़कों और रेल नेटवर्क को सशक्त किया जा रहा है।

## हादसे में युवक की मौत, चार बच्चे हुए अनाथ, 5 महीने पहले मां का भी निधन, चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विदिशा के सागर रोड पर भैरोखेड़ी चौराहे के पास स्थित एचपी पेट्रोल पंप के नजदीक बीती रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार कार और बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत में बाइक सवार 28 वर्षीय विनीत आदिवासी की मौके पर ही मौत हो गई।

टक्कर मारने के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा।

पुलिस फिलहाल फरार कार चालक की तलाश कर रही है और मामले की जांच जारी है। मृतक के भाई राजकुमार आदिवासी ने बताया कि विनीत मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके चार छोटे बच्चे हैं, जिनमें तीन बेटियां शामिल हैं। सबसे बड़ी बेटी की उम्र लगभग 8 वर्ष है। परिजनों के मुताबिक करीब पांच महीने पहले विनीत की पत्नी की डबरी में पानी भरते समय डूबने से मौत हो गई थी।

### दादा-दादी के सहारे बच्चे

पत्नी की मृत्यु के बाद से बच्चे दादा–दादी के पास रह रहे थे। इस हादसे के बाद चारों बच्चे अब बिना माता–पिता के रह गए हैं। मृतक के पिता सुरेश आदिवासी निवासी जतरापुरा ने बताया कि परिवार पहले ही एक बड़े दुख से उबरने की कोशिश कर रहा था।

### किसानों के खातों में भावांतर की तृतीय किस्त

**हरिभूमि न्यूज . विदिशा।** भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रतलाम जिले के जावरा से प्रदेश के 3 लाख 77 हजार किसानों के खातों में 810 करोड़ रुपए की तृतीय किस्त अंतरित की। विदिशा जिले में इसका लाइव प्रसारण कृषि उपज मंडी समिति में किया गया, जिसमें व्यापारी, हम्माल, तुलावट कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। मंडी सचिव एवं नोडल अधिकारी नीलकमल वैघ ने योजना की जानकारी दी। जिले के 28 हजार 120 किसानों को 66 .23 करोड़ रुपए का लाभ मिला। किसानों ने समय पर सहायता के लिए शासन का आभार जताया।

## ताजखजूरी रोड पर दो बाइकें भिड़ीं, 4 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नटेरन

विदिशा–अशोकनगर हाईवे पर ताजखजूरी रोड के समीप 2 बाइक आमने-सामने से भिड़ गईं। हादसे में 4 लोग गंभीर घायल हो गए।

अजय रैकवार पिता सौदान सिंह रैकवार उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम कागपुर बाइक से कागपुर से नया गोला की ओर जा रहा था। दूसरी बाइक पर सवार रोहन पिता अजय पासी उम्र 17 वर्ष निवासी शेरपुरा और शिवम, दोनों सिरोंज से विदिशा की ओर आ रहे थे। ताजखजूरी रोड पर दोनों की बाइकें आमने-सामने से टकरा गईं। दुर्घटना के समय सड़क किनारे बस का इंतजार कर रहे पुरुषोत्तम शर्मा उम्र 47 वर्ष निवासी ताजखजूरी भी चपेट में आ गए।

हादसे में पुरुषोत्तम शर्मा के पैर में गंभीर चोट आई और उनकी हड्डी टूट गई। घटना की सूचना पर नटेरन थाने की 112 वाहन मौके पर पहुंची और सभी घायलों को नटेरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय विदिशा रेफर कर दिया गया।

## न्यू ईयर को लेकर पुलिस अलर्ट: मैरेज गार्डन व डीजे संचालकों के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

आगामी त्योहारों, विवाह सीजन एवं नववर्ष के अवसर पर जिले में शांति, सुरक्षा, कानून व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस कंट्रोल रूम, विदिशा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सीएसपी अतुल सिंह, थाना प्रभारी कोतवाली आनंद राज सहित जिले के समस्त मैरेज गार्डन संचालक, डीजे संचालक एवं आयोजनकर्ता मौजूद रहे। बैठक में



स्पष्ट किया कि विवाह समारोहों एवं नववर्ष के आयोजनों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, हुड़दंग, ध्वनि प्रदूषण या कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### निगरानी के निर्देश

पुलिस ने निर्देश दिए कि सभी मैरेज गार्डन एवं आयोजन स्थलों पर उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, जिनकी 24 घंटे रिकॉर्डिंग हो और फुटेज कम से कम 30 दिनों तक सुरक्षित रखी जाए। आयोजन स्थलों पर कार्यरत सभी कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य रहेगा। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम या थाने को दी जाए। मेहमानों के कीमती सामान की सुरक्षा हेतु काउंटर अथवा सेफ–जोन की व्यवस्था के निर्देश दिए गए।

## 24 घंटे में खुलासा: 46 पाइप सहित 16 लाख रुपए का माल हुआ बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ग्यारसपुर थाना क्षेत्र में पाइप चोरी की बड़ी वारदात का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया है। 23 दिसंबर को फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि बिहानी कंपनी के 46 पाइप अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए गए।

सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और जांच के दौरान पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपी अमन खान पिता रईस खान 23 वर्ष निवासी श्यामपुर जिला सीहोर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी गए



46 पाइप जिनकी अनुमानित कीमत 10 लाख है तथा घटना में प्रयुक्त ट्रक जिसकी कीमत करीब 6 लाख है, जब्त किया गया। कुल 16 लाख का माल बरामद कर आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### वाहन रैली निकाली, चार के हिंदू सम्मेलन को लेकर जनसंपर्क तेज



**विदिशा।** 4 जनवरी को बंगलाघाट पर आयोजित होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन के पूर्व जनजागरण एवं संपर्क अभियान तेज कर दिया गया है। रविवार को वाहन रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। आयोजन समिति के सदस्य सुरेन्द्र कुशवाह ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में सकल हिन्दू समाज द्वारा मंडल, खंड एवं बस्ती स्तर पर हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विदिशा में यह सम्मेलन आयोजित होगा, जिसके निमित्त वाहन रैली के माध्यम से लोगों को आमंत्रित किया गया।

स्थापना दिवस पर कांग्रेस ने निकाली सद्भावना रैली, जगह - जगह स्वागत किया गया

## कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और जनआवाज़ की प्रतीक है

माधवगंज पर सभा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को नगर कांग्रेस कमेटी ने सद्भावना रैली निकाली। जो नीमताल महात्मा गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ शुरू हुई। माधवगंज चौराहे पर सभा में परिवर्तित हुए।

सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और जनआवाज़ की प्रतीक है। पूर्व जनपद अध्यक्ष रणधीर सिंह ठाकुर ने कांग्रेस की 141 वर्षों की



गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1885 में स्थापित यह संस्था स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण तक अहम भूमिका निभाती रही है। वरिष्ठ नेता महेंद्र वर्मा और प्रदेश सचिव आनंद प्रताप सिंह ने कांग्रेस को जनआंदोलन की संस्था बताया। सभा को नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू, सुभाष बोहत, लक्ष्मण सिंह रघुवंशी, वीरेंद्र पीतलिया, प्रियंका किरार,। राजेश दुबे बर्रो सहित वरिष्ठ नेताओं ने भी संबोधित किया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता अवधेश दुबे, जिनेश जैन टिंगी, सुशील शर्मा, अर्पित उपाध्याय, वैभव भारद्वाज चीनू, राजू अवस्थी, प्रदीप सिंह चंदेल, गोविंद राजपूत , जितेन्द्र तिवारी, आशीष माहेश्वरी, धर्मेंद्र यादव, सुरेशबाबु पाठक, नदीम जावेद, बंटी सक्सेना गोविंद भार्गव, मुआज कामिल, सुजीत देवलिया, बृजेन्द्र वर्मा, राजकुमार पासी, पर्वत गौड़, जवाहर कुशवाह, सुमित वैद्य, संतोष कुशवाह, देशराज रघुवंशी, भानू राजपूत, रोहित साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

### डी मार्ट के खिलाफ शहर के व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन



**विदिशा।** रविवार को विदिशा आए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को विदिशा के व्यापारियों ने ज्ञापन सौंपा। नरेंद्र धनवानी के अनुसार डी मार्ट के कारण स्थानीय व्यापारियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। थोक एवं खुदरा व्यापारी, छोटे दुकानदार तथा उनके परिवारजन है जिनका जीवन-यापन स्थानीय व्यापार पर निर्भर है। शहर में डी-मार्ट जैसे बड़े शॉपिंग मॉल शुरू हो जाने से थोक व्यापारियों, रिटेल दुकानदारों तथा छोटे व्यवसायियों के व्यापार पर प्रभाव पड़ेगा। व्यापारियों ने डी-मार्ट की स्थापना पर रोक लगाने या उचित नीति-निर्णय किए जाने की मांग की है।

मप्र उर्दू अकादमी द्वारा 'सिलसिला' के तहत व्याख्यान एवं रचना पाठ का आयोजन किया गया

## मोहब्बत से दिलों को जीतना आसान होता है सियासत की लड़ाई में बहुत नुकसान होता है

मानव सेवा नयास में आयोजित किया गया कार्यक्रम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सोमवार को मानव सेवा न्यास में ज़िला समन्वयक संतोष सागर के सहयोग से व्याख्यान एवं रचना पाठ का आयोजन किया गया।

विदिशा में आयोजित 'सिलसिला' के लिए मप्र उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहंदी ने अपने संदेश में कहा कि मप्र में विदिशा ऐतिहासिक एवं साहित्यिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नगरी है। यहां आयोजित "सिलसिला" गोष्ठी के माध्यम से उर्दू साहित्य की जीवंत परंपरा को सुदृढ़ आधार मिलता है तथा वरिष्ठ और नवोदित रचनाकारों को सृजनात्मक अभिव्यक्ति का सशक्त मंच प्राप्त होता है। विदिशा जिले के समन्वयक संतोष सागर ने बताया कि सिलसिला के तहत दोपहर 1 बजे व्याख्यान एवं रचना पाठ का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ शायर इस्माईल साहिल ने की।

मुख्य अतिथि के रूप में डॉ शीलचंद पालीवाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में फ़हमीद ख़ान मंच पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर विदिशा के उस्ताद शायर निसार मालवी ने अपने वक्तव्य में उर्दू शायरी और सिलसिला कार्यक्रम के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि उर्दू ग़ज़ल इन दिनों अपने उरूज़ की ओर जा रही है जिसमें उर्दू ज़बान



का बड़ा महत्व है। उर्दू ज़बान हिंदुस्तान की ज़बान है और विकास के लिए मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी और अकादमी की निदेशक डॉ नुसरत मेहंदी साहिब द्वारा पूरे मध्य प्रदेश में जो अभियान सिलसिला के माध्यम से चलाया जा रहा है वो क़ाबिले तारीफ़ है। रचना पाठ में जिन शायरों ने अपना कलाम पेश किया उनमें इस्माईल साहिल ने जिंदगी की कश्ती का दूर है बहुत साहिल, यूं न दीजे पतवारें हर किसी के हाथों में पेश किया। वहीं निसार मालवी ने मोहब्बत से दिलों को जीतना आसान होता है, सियासत की लड़ाई में बहुत नुक़सान होता है पंक्तियां पढ़ी। मुजाहिद मास्टर ने न हो जिसको यक़ीं वो आके देखे मेरे भारत को, हर इक दरिया समा जाता है दरया-ए- मुहब्बत में पंक्तियां सुनाईं।

अज़मत दानिश ने बुज़दिली की है अलामत बाज़ु ओ पर देखना, जब करो परवाज़ तो बस माहो अख़्तर देखना पंक्तियां सुनाई। संतोष शर्मा सागर ने मैं अपनी नीद में हर रात जन्नत देख लेता था जब अपनी बांह से अम्मा मेरा तकिया बनाती थी पंक्तियां सुनाईं। सुरेंद्र श्रीवास्तव ने इक अजब रिश्ता रहा है दिल का गहराई के साथ, कल कुएं के साथ में था आज है खाई के साथ सुनाकर खूब तालियां बटोरीं।

### नटेरन में रघुवंशी समाज की बैठक, परिचय सम्मेलन व धर्मशाला निर्माण पर मंथन

**हरिभूमि न्यूज. नटेरन।** रविवार को नटेरन में रघुवंशी समाज की बैठक आयोजित की गई, जिसमें फरवरी में प्रस्तावित परिचय सम्मेलन की तैयारियों तथा नटेरन में रघुवंशी धर्मशाला निर्माण को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशपाल रघुवंशी ने अतिथियों का स्वागत किया। जिला अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने बताया कि 20 जनवरी तक सभी युवक-युवतियां अपने परिचय फार्म भरकर जमा करें। उन्होंने समाज को संगठित करने और परिचय सम्मेलन को भव्य स्वरूप देने पर जोर दिया। बैठक में नटेरन में ट्रस्ट गठन, धर्मशाला निर्माण हेतु समिति बनाने तथा सहयोग राशि पर भी सहमति बनी। लगभग 100 समाजजनों ने 21-21 हजार रुपए सहयोग देकर ट्रस्ट सदस्य बनने की सहमति जताई।



## खबर संक्षेप

### केंद्रीय कृषि मंत्री ने दी श्रद्धांजलि



**गंजबसौदा।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार शाम को गंजबासौदा पहुंचे। उन्होंने ग्राम हरिपुर पहुंचकर क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी की माता कमला देवी के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात वह कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करने के बाद सड़क मार्ग से विदिशा रावाना हो गए। केंद्रीय कृषि मंत्री के आगमन की सूचना पर प्रशासन मैं उनके आगमन की पहले से ही तैयारी पूरी कर ली थी। यहां उल्लेखनीय है कि विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं जसवंत सिंह रघुवंशी की माता जी के निधन का समाचार मिलने पर बडी संख्या में जनप्रतिनिधियों द्वारा अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की जा रही हैं। इसी के तहत गत दिवस प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने भी नगर में आकर श्रद्धांजलि अर्पित की थी।

### चित्रकला के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश



**गंजबासौदा।** गमाखर में एसबीआई फाउंडेशन संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील कार्यक्रम अंतर्गत स्वच्छ भारत अभियान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 210 ग्रामीण एवं स्कूली बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सामुदायिक स्वच्छता गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना था। स्कूल के बच्चों ने चित्रकला से यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं। चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने पर बच्चों को उपहार दिए गए। बच्चों और ग्रामीणों ने मिलकर स्वच्छता रैली निकाली और श्रमदान में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता शपथ ली, गांव में सिंगल यूज प्लास्टिक को छोड़ कपड़े का थैला इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया गया। बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के अधिकारों पर भी चर्चा की गई, जिसमें शिक्षा, जीवन, सहभागिता और सुरक्षा जैसे मुद्दों को प्रमुख रूप से उठाया गया। गाँव को प्लास्टिक-मुक्त बनाने के उद्देश्य से एक प्रेरक वीडियो भी प्रदर्शित किया गया। बच्चों को वीडियो के माध्यम से स्वच्छता का एक संदेश दिया गया और उनसे स्वच्छता के कुछ प्रश्न पूछे गए। शासकीय हाई स्कूल गमाखार के प्राचार्य ने संस्था का धन्यवाद किया और उपहार स्वरूप संस्था को भारत का संविधान भेंट किया गया। कार्यक्रम में एलआर अहिरवार, समस्त शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका शामिल हुईं। कार्यक्रम में बुलबुल मौर्य, डॉ. सचिन अग्रवाल, प्रिया वंशकार, सलोनी चौकसे, प्रदुम्न पंथी, राहुल नामदेव, संजू दांगी, रोहित विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

### मकड़ी के जाले पर कुछ इस तरह दिखी ओस की बूंदें ...



**गंजबासौदा।** इन दिनों ठंड के मौसम में रात भर ओस बरसती रहती है। तेज जाड़े के कारण रात में बरसी ओस सुबह के समय मकड़ी के जाले पर सूरज निकलने पर मोतियों की माला की तरह दिखाई दी। फोटो :राजा छारी

## नवांकुर की छात्रा राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में करेगी सहभागिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राज्य स्तरीय इंस्पायर विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन 29 से 30 दिसंबर तक अशासकीय गुजराती इंग्लिश मीडियम स्कूल स्कीम नंबर 54, विजय नगर इंदौर में किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में नवांकुर विद्यापीठ हाई स्कूल तपोवन की छात्रा मोक्षा पुत्री देवेंद्र कुमार विश्वकर्मा कक्षा 10, शिक्षिका रीनू ठाकुर के साथ सहभागिता करने रविवार को इंदौर के लिए रवाना हो गई हैं। जहां वह डुएल पावर सोलर कूलर फ्रिज कम हीटर सेलेक्ट विषय पर अपना मॉडल प्रस्तुत करेंगी। इस प्रदर्शनी में उसका मॉडल चयनित होने पर होने पर वह राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी में सहभागिता करने की पात्र होगी। विद्यालय के विज्ञान प्रभारी शिक्षक अविनाश डोंगरे एवं राहुल कुशवाह के मार्गदर्शन में मोक्षा ने यह मॉडल तैयार किया है। इस अवसर पर नवांकुर विद्यापीठ के प्राचार्य शैलेन्द कुमार दीक्षित, तपोवन प्राचार्य रामबाबू पांचाल, शिक्षक ओपी श्रीवास्तव, शिवम पाठक, अनिरूद्ध चिढ़ार सहित विद्यालयीन स्टॉफ ने छात्रा को अग्रिम शुभकामनाऐं देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


### रामलीला मंचन देखने भी बड़ी संख्या में पहुंच रहे दर्शक

# श्रीराम लीला मेले में आकर्षण का केन्द्र बन रहा है मौत का कुंआ


हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर पालिका द्वारा आयोजित श्रीराम लीला मेले के शुभारंभ के बाद से ही मेले में रौनक दिन प्रतिदिन बढती ही जा रही है। मेले में इस बार मौत का कुंआ प्रमुख आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है और इस कुंए में बाइक चलाती युवती को देखने भी बडी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। उधर बाहर से आई मंडली के मनोहारी रामलीला मंचन को देखने भी बडी संख्या में श्रद्धालु एवं दर्शक मेले में आ रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान नगर पालिका परिषद के मार्गदर्शन में मेले की रौनक फिर लौट आई है। मेले में अब पहले से अधिक दुकानें सजने लगी हैं, स्थानीय खिलाडियों एवं प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए खेलकूद एवं विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां भी आयोजित की जाती हैं। वहीं मेले में हर बार मनोरंजन का कुछ न कुछ नया साधन उपलब्ध कराया जाता है। इस बार भी मेले में मौत का कुंआ लगाया गया है। मेले के शुभारंभ मौके पर नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने मौत के कुंआ के कलाकारों से मुलाकात कर उनका उत्साह वर्धन किया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेरठ न निवासी अशफाक खां और गुजरात की युवती पायल मौत के कुंआ के प्रमुख करतबबाज हैं। पायल ने बताया कि वह 16 वर्ष की उम्र से ही मौत के कुंए में बाइक चलाती आ रही है। यह काम जोखिम भरा तो है, लेकिन रोजगार के लिए यह जोखिम उठाना पडता है। अब मेले में मौत का कुंआ देखने और कलाकारों का उत्साह वर्धन करने बडी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। वहीं बांके बिहारी रामलीला मंडल मथुरा के कलाकारों द्वारा रामलीला मंचन भी किया जा रहा है। जिसमें विश्व मोहिनी स्वयंवर का मंचन हुआ।



गंजबासौदा। मौत के कुआ में करतब दिखाते कलाकार



गंजबासौदा। श्रीराम लीला में मंचन करते कलाकार

## सुअर के हमले में मृत बालिका के परिजनों को विधायक ने दी तात्कालिक सहायता राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस सुअर के हमले में ग्राम आकाडोंडा निवासी हरिसिंह की 7 वर्षीय पुत्री किरण की मौत हो गई थी। इस मामले में रविवार को सरपंच प्रतिनिधि शिवशरण सिंह रघुवंशी शेबू ने पीड़ित के घर पहुंचकर परिजनों से चर्चा की और इस घटना पर शोक व्यक्त करते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। साथ ही उन्होंने विधायक हरिसिंह रघुवंशी से भी बालिका के पिता की फोन पर बात कराई। जिसमें विधायक ने बालिका की मौत पर शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए तात्कालिक सहायता राशि के रूप में दस हजार रूपए की मदद परिजनों को उपलब्ध कराई। साथ ही इस मामले में शासन की ओर से हर संभव मदद उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया।

### शताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आने से मौत

**गंजबासौदा।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर रविवार दोपहर के समय शताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। यह हादसा दोपहर करीब 3:30 बजे स्टेशन की मुख्य लाइन पर हुआ। जीआरपी अधिकारी मोहन पटेल ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शासकीय अस्पताल भेजा गया। मृतक की पहचान तुरंत नहीं हो सकी है। पुलिस हुलिए और अन्य जानकारियों के माध्यम से युवक की पहचान करने में जुटी है।

## पंचकोसी यात्रा और रामलला सरकार को अर्पित की ध्वजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रभु भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या नगरी उस समय पूरी तरह राममय हो उठी, जब नौलखी श्री सीताराम संकीर्तन मंडल ने अपनी कीर्तन की वर्षगांठ के अवसर पर अखंड संगीतमय संकीर्तन का आयोजन किया। अयोध्या में श्रद्धा और सनातन आस्था से ओत-प्रोत वातावरण उस समय निर्मित हुआ जब नगर के नौलखी आश्रम के श्री सीताराम संकीर्तन मंडल ने कीर्तन की वर्षगांठ के पावन अवसर पर अपनी संगीतमय संकीर्तन के माध्यम से प्रभु श्रीराम की नगरी को राममय कर दिया।

गत दिवस राम नाम की यह अखंड धारा नगर से बहती हुई अयोध्या की गोद में समाई, तब वह केवल यात्रा ना रहते वह भक्ति की पदयात्रा बन गई। नगर से अयोध्या तक राम नाम की गूंज ने श्रद्धालुओं को स्वतः जोड़ लिया। अयोध्या पहुँचने पर श्रद्धालुओं ने सरयू मैया के पावन तट पर स्नान किया। इसके बाद रामघाट मोहल्ला स्थित हनुमान किला आश्रम में 24 घंटे का अखंड संगीतमय श्रीराम नाम संकीर्तन आरंभ हुआ। संकीर्तन का समापन अयोध्या की पंचकोसी यात्रा से हुआ जहाँ यात्रा में हर कदम के साथ राम नाम गहराता गया और वातावरण में ऐसा भाव जागा मानो स्वयं अयोध्या रामनामियों का श्रद्धालुओं का स्वागत कर रही हो। यात्रा के पश्चात रामलला को ध्वज अर्पित कर कीर्तन का समापन हुआ। कीर्तन में हनुमान किला आश्रम के महंत रामकिशोर दास महाराज, लाल साहब दरबार के महंत रामनरेश दास महाराज, मिथिला कुंज के महंत रमाकांत शरण दास महाराज एवं हनुमानगढ़ी के महंत दिव्यानंद महाराज के अलावा विदिशा के जाने-माने लोक गायक नारायण महाराज एवं शुभम महाराज ने भी कीर्तन में अपनी वाणी सेवा प्रदान की। गौरतलब है कि स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में पिछले सात वर्षों से प्रतिदिन सायंकाल 7 से 8 बजे तक निरंतर संगीतमय श्रीराम नाम संकीर्तन का आयोजन हो रहा है। संध्या होते ही मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से भर जाता है। इस अखंड परंपरा का शुभारंभ नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज द्वारा कराया गया, जो आज भी उसी श्रद्धा, अनुशासन और दिव्यता के साथ अनवरत जारी है। संकीर्तन मंडल के सदस्यों ने बताया कि नौलखी मंदिर में प्रतिदिन शाम के समय 1 घंटे होने वाली संगीतमय राम नाम संकीर्तन के 7 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। अयोध्या की रामघाट मोहल्ले के हनुमान किला आश्रम में 24 घंटे का अखंड संगीतमय श्रीराम नाम संकीर्तन किया गया। इसके पश्चात पुनः कीर्तन करते हुए भक्तों ने अयोध्या की पंचकोसी परिक्रमा पूर्ण की और अंत में रामलला सरकार को ध्वजा अर्पित कर अपने जीवन, नगर और संकल्प को प्रभु चरणों में समर्पित कर दिया। नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज ने बताया कि सीताराम संकीर्तन मंडल का यह आयोजन यह संदेश देता है कि राम नाम आज भी समाज को जोड़ने वाली सबसे बड़ी शक्ति है। अयोध्या में गूंजी यह अखंड कीर्तन-ध्वनि सनातन परंपरा की उसी ज्योति को प्रज्वलित करती है, जो युगों से भारत की आत्मा में प्रकाश फैलाती आई है।



## जादौन महाराण प्रताप राजपूत समिति अध्यक्ष बने



गंजबासौदा। बैठक में सर्वसम्मति से समिति अध्यक्ष का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्री महाराणा प्रताप राजपूत समिति की बैठक स्थानीय नवीन राजपूत धर्मशाला में आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुनने का निर्णय लिया गया। जिसमे प्रस्ताव वीरेंद्र सिंह राजपूत एडवोकेट ने रखा, जिसका समर्थन विनोद सिंह राठौर ने किया। बैठक में उपस्थित सभी राजपूत सरदारों ने अपना समर्थन किया और प्रवीण प्रताप सिंह जादौन को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर महाराणा प्रताप राजपूत समिति के वर्तमान अध्यक्ष बसंत सिंह राजपूत, पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक देवेंद्र सिंह राजपूत, वीरेंद्र सिंह राजपूत, एडवोकेट जगदीप सिंह राजपूत, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन, केपी सिंह राजपूत, पूर्व अध्यक्ष एवं निर्माण समिति एवं अभिभाषक संघ बासौदा के अध्यक्ष अमान सिंह राजपूत, विनोद सिंह राठौड़, सीबी सिंह गौतम, ईश्वर सिंह राजपूत, प्रेम सिंह तोमर, मुकेश सिंह राजपूत, योगेंद्र सिंह राजपूत,सबल सिंह राजपूत, प्रमोद सिंह राजपूत, शैलेंद्र सिंह राजपूत, अमर सिंह तोमर, रूप सिंह राजपूत, अखिलेश सिंह राजपूत, किशोर सिंह सिसोदिया, अनिल सिंह, निरंजन सिंह, विशाल सिंह, सौभाग्य सिंह, धर्मेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, सतनाम सिंह, नवरंग सिंह, संतोष सिंह, चंद्रभान सिंह, किशोर सिंह, शैलेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। उक्त जानकारी सतनाम सिंह राजपूत महासचिव श्री महाराणा प्रताप राजपूत समिति ने दी।

### साप्ताहिक श्रमदान अभियान का 5.0 का बारहवां चरण संपन्न

# घने कोहरे के बीच श्रमदान दल ने की सफाई



गंजबासौदा। रिपटा घाट पर साफ, सफाई करते श्रमदानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कड़ाके की ठंड, घना कोहरा और मात्र 7 डिग्री सेल्सियस तापमान भी नदी स्वच्छता के प्रति श्रमदानियों के संकल्प को डिगा नहीं सका। रविवार को श्रमदान दल के तत्वावधान में साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 का बारहवाँ चरण बेतवा नदी के रिपटा घाट पर पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ सम्पन्न हुआ। सुबह-सुबह घने कोहरे के बीच श्रमदान दल के सदस्य निर्धारित समय पर घाट पर पहुँचे और जीवनदायिनी वेत्रवती के तटों के आसपास फैले कचरे की सफाई में जुट गए। ठंड और कम दृश्यता के बावजूद दल के सदस्यों ने श्रमदान कर यह संदेश दिया कि यदि उद्देश्य पवित्र हो, तो कोई भी परिस्थिति बाधा नहीं बन सकती। श्रमदान के दौरान घाट क्षेत्र से घरेलू अपशिष्ट, पूजा-पाठ के बाद बची सामग्री, प्लास्टिक-पॉलिथीन, मुंडन संस्कार के अवशेष, कपड़े तथा अन्य कचरा एकत्रित कर निर्धारित स्थान पर सुरक्षित रूप से संग्रहित किया गया। दल के सदस्यों ने विशेष सावधानी बरतते हुए घाट की सीढ़ियों, किनारों और प्रवाह क्षेत्र में जमी गंदगी को हटाया। दल का कहना है कि साप्ताहिक श्रमदान अभियान केवल स्वच्छता कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और जिम्मेदारी का आंदोलन बन चुका है। भीषण ठंड में भी निरंतर श्रमदान यह प्रमाणित करता है कि नदी संरक्षण के लिए समाज की उदासीनता के बावजूद श्रमदान दल पूरी निष्ठा से खड़ा है। साथ ही संदेश स्पष्ट के माध्यम से श्रमदान दल ने पुनः अपील की कि नदियों और घाटों पर कचरा न फेंका जाए, धार्मिक अनुष्ठानों के बाद अपशिष्ट का वैज्ञानिक व सुरक्षित निस्तारण किया जाए और स्वच्छता को केवल अभियान नहीं, बल्कि आदत और संस्कार बनाया जाए। क्योंकि नदी बचेगी तो ही जीवन बचेगा और जीवन बचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है।

### पाठक संघ ने जयंती व पुण्यतिथि मनाई

**गंज बासौदा।** शहर वाचनालय पाठक संघ द्वारा महापुरुषों को याद कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुनील बाबू पिंगले ने देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा एवं पूर्व प्रधान मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के कुशल नेतृत्व की सराहना की। वहीं गुरु गोविन्द सिंह की माताजी एवं उनके चारों पुत्रों के धर्म पर बलिदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं महान क्रान्तिकारी उधम सिंह के बलिदान को प्रेरणादायक बतलाते हुए उनके सिद्धांतों एवं नीतियों को अपने आचरण में उतारने की आवश्यकता पर जोर दिया और उनके जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेने का आव्हान किया। इस मौके डॉ. अशोक रोहिले, विजय अरोरा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में आभार पाठक संघ के प्रभारी सतीश शिल्पकार ने व्यक्त किया।

## कांग्रेस ने 141 वां स्थापना दिवस मनाया



गंजबासौदा। स्थापना दिवस कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को कांग्रेस का स्थापना दिवस कांग्रेस भवन में मनाया गया। ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस की तरफ से स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश मिश्रा ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के संदेश का वाचन किया, जो उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं के लिए संदेश के रूप में भेजा था। जिसमें मुख्य रूप से संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया एवं प्रदेश में चल रहे एसआईआर अभियान में पूर्ण तत्परता से कार्य करने को लेकर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक निशंक जैन, नवनियुक्त किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष विनीत दांगी, विकास शर्मा, कृष्ण मोहन शर्मा, सत्य प्रकाश सेन, जवाहर सिंह रघुवंशी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सैयद मोहम्मद अदनान, नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, जनपद उपाध्यक्ष गोविंद गुर्जर, अंसार मंसूरी, विद्या यादव, भानु प्रताप रघुवंशी, रामबाबू आनंदपुर, सुजीत सराठे, लालाराम चंदेल, अमित जैन, रवि यादव, डॉ अशोक रोहले, अनिल पाठक, अनिल तिवारी, अनिल अहिरवार, सौरभ, रविंद्र, पवन अहिरवार, अमित पंथी, धर्मेंद्र कुर्मी, शिवम मीणा, नितेश मीणा, अंशुल राय, अरुण शर्मा ,यश मिश्रा, ब्रजकिशोर चंदेल, कल्लू सिंह दांगी ,राजकुमार दांगी, धारू सिंह गुर्जर, वीरू राजपूत एवं हरीश भावसार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंच का संचालन बाबू पिंगले ने किया एवं उपस्थित सभी कांग्रेस जनों का आभार बीडी शर्मा ने व्यक्त किया।

## तेजोऽहम बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का भव्य समापन

# आज के समय में बेटियों को संस्कारित करना एक बड़ी चुनौती: प्रमिला ताई

### महाराष्ट्र की 74 वर्षीय प्रमिला महेश्वरी ताई द्वारा बालिकाओं को दिया गया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण







हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

छह दिवसीस तेजोऽहम बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में महाराष्ट्र से आई शिविर की वरिष्ठ प्रशिक्षिका प्रमिला महेश्वरी ताई के कुशल मार्गदर्शन व अर्जुन युवा मंच के समर्पित सदस्यों के सहयोग से सफल आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम का आयोजन केडीबीएम इंटरनेशल स्कूल की चैयरपर्सन श्वेता आनंद त्यागी द्वारा किया गया था। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिविर की वरिष्ठ प्रशिक्षिका प्रमिला महेश्वरी ताई ने कहा कि जिस तरह उक्त शिविर में पूरे उत्साह के साथ सिरोंजवासियो का जो प्यार व अपनापन मुझे मिला, उसके लिए में सभी की आभारी हूं। में चाहती हूं कि पूरा मध्यप्रदेश व सिरोंज नगर की बालिकाएं अपनी आत्मरक्षा के लिए आगे बडकर प्रदेश व देशभर में अपना नाम ऊचांईयो पर ले जाए। उन्होने कहा कि तेजोऽहम्-शिविर केवल आत्मरक्षा प्रशिक्षण नहीं, बल्कि आत्मबोध एवं आत्मशक्ति को जाग्रत करने का माध्यम है। प्रत्येक बालिका को अपने भीतर की शक्ति को पहचान कर निडर होकर आगे बढ़ना चाहिए।

वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री एंव केडीबीएम इंटरनेशन स्कूल की चैयरपर्सन श्वेता आंनद त्यागी ने कहा कि तेजोऽहम जैसे कार्यक्रम बालिकाओं में आत्मविश्वास, आत्मबल और निर्भीकता का विकास करते हैं। आत्मरक्षा आज के समय की अनिवार्य आवश्यकता है और इस प्रकार के प्रशिक्षण छात्राओं को जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं।

### बालिकाओं द्वारा दी गई सुंदर प्रस्तुति रही आकर्षण का केंद्र

इस अवसर पर ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अधिमान्य पत्रकार एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने कहा कि बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर बालिकाओं ने जो सुदंर प्रस्तृति दी वह आर्कषण का केन्द्र रही। क्योकि इन 6 दिनो में जो कुछ भी बालिकाओं ने सीखा उससे ऐसा प्रतीत होता है कि जिससे कि यह पूरी तैयारी 6 वर्षो से की गई हो। वही वरिष्ठ प्रशिक्षिका प्रमिला ताई का समस्त नगरवासियो की ओर से आभार व्यक्त करते हुए उनसे अपेक्षा की वह आने वाली गर्मियो की छुट्टियों में पुनः एक माह का शिविर का आयोजन कर क्षेत्र की बालिकाओं को अपना मार्गदर्शन दे। वही इस कार्यक्रम की सूत्रधार वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमति श्वेता आनंद त्यागी ने शहरवासियो को हमेशा शिक्षा के क्षेत्र के अलावा नए नए आयामो के द्वारा युवा-युवतियो में जो जन जागृति के लिए कार्य कर रही है उन्हें भी में बधाई देता हूं। वही पत्रकार रोहित शर्मा व प्रमोद साहू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

### साहस एवं सांस्कृतिक मूल्यों का बालिकाओं ने दिया परिचय

22 दिसंबर से 27 दिसंबर तक आयोजित शिविर के समापन अवसर पर छात्राओं ने शिविर के दौरान सीखे गए आत्मरक्षा कौशलों का प्रभावशाली प्रदर्शन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समापन कार्यक्रम में छात्राओं ने लाठी,काठी आत्मरक्षा तकनीक, अनुशासन और एकता का प्रतीक गोपुरम निर्माण, भगवद् गीता के श्लोकों का सस्वर पाठ एवं देशभक्ति गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर आत्मविश्वास, साहस एवं सांस्कृतिक मूल्यों का परिचय दिया।

### कार्यक्रम में इनका हुआ सम्मान

इस मौके पर कार्यक्रम में महाराष्ट्र से आई वरिश्ठ प्रशिक्षिका प्रमिला महेश्वरी ताई व उनकी समस्त टीम एंव अर्जुन युवा मंच के सभी सदस्यो का केडीबीएम परिवार द्वारा सम्मान किया गया। साथ ही केडीबीएम इंटरनेशल स्कूल की चैयरपर्सन श्रीमति श्वेता आंनद त्यागी का सम्मान प्रमिला ताई द्वारा किया गया। वही कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार व आईजा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी,पत्रकार रोहित शर्मा का केडीबीएम परिवार द्वारा सम्मान किया गया।

### ताई 30 साल से बेटियों को बना रहीं शौर्यवान व संस्कारित

74 साल की उम्र में जहां लोग आराम चाहते हैं, वहीं महाराष्ट्र के जयसिंह नगर की प्रमिला माहेश्वरी ताई बेटियों को संस्कार और शौर्य सिखा रही हैं। वह तेजोऽहम शिविर के माध्यम से बालिकाओ को आत्मरक्षा प्रशिक्षण एंव किशोरियो व युवतियो को आत्मरक्षा,साहस व जीवन के मूल्यों का प्रशिक्षण दे चुकी है। वही जब हरिभूमि ने उनसे चर्चा की तो उन्होने बताया कि हमारे पिता कपड़ा व्यवसायी थे, लेकिन पारिवारिक हालात ऐसे बने कि वे सिर्फ पांचवीं तक ही पढ़ सकीं। गृहस्थ जीवन के संघर्षों में 40 साल बीत गए। 32 साल पहले गोविंद देवगिरी महाराज का सानिध्य मिला। तब से भगवत गीता को जीवन में उतार लिया।

### बेटियों को संस्कारित करना बड़ी चुनौती

*प्रमिला महेश्वरी कहती हैं कि आज के समय में बेटियों को संस्कारित करना बड़ी चुनौती है। मोबाइल और सोशल मीडिया के कारण बच्चे परिवार का महत्व नहीं समझ पा रहे। बुरी ताकतें बेटियों पर नजर गड़ाए बैठी हैं। हम बच्चों को सिर्फ पैसा कमाने की मशीन बना रहे हैं। उनमें मानवीय गुणों की कमी है। इसी कारण वृद्धाश्रम बन रहे हैं। बच्चों को संस्कारित कर शौर्यवान बनाना हमारी जिम्मेदारी है। इसी सोच के साथ वे पिछले 30 सालों से शिविरों के माध्यम से यह जिम्मेदारी निभा रही हैं। जब तक जीवन है, यह कार्य करती रहेंगी। गोविंद देवगिरी महाराज के बारे में ताई ने बताया कि वह राममंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष हैं। वे गीता परिवार मध्यांचल प्रणीत के संस्थापक हैं। डॉक्टर संजय मालपानी कार्यवाह अध्यक्ष हैं। मैं मध्यभारत की उपाध्यक्ष हूं एंव स्वामी जी ने बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तेजोऽहम आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर शुरू किए। 20 साल पहले बाल संस्कार शिविर के जरिए दत्तक पालक योजना शुरू की गई।*

## 140वां स्थापना दिवस मनाया
# कांग्रेस के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता: सुरेश यादव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के लिंक रोड स्थित एक निजी गार्डन में कांग्रेस पार्टी का 140 वां स्थापना दिवस कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर पं ज्वाहर लाल नेहरू एंव इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। वही कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश यादव,देवपुर ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत,नगर कांग्रेस अध्यक्ष सैफू गौरी आदि ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेंद्र रघुवंशी,अवध नारायण श्रीवास्तव,नादिर शाह खान,अनीश नेताजी, कन्हैया राम यादव सहित अन्य कांग्रेस नेताओं का फूलामाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। साथ ही कार्यक्रम में पूर्व व वर्तमान कांग्रेस पार्षदो एंव ग्रामीण क्षेत्रो के कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया।

### कांग्रेस एक विचारधारा है और विचारधारा कभी मरती नहीं



इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेश यादव ने कहा कि कांग्रेस नेताओं का देश की आजादी में बलिदान को बुलाया नहीं जा सकता। यह स्थापना दिवस केवल एक संगठन का उत्सव नहीं है बल्कि उस लंबे संघर्ष की यात्रा की स्मृति है जिससे भारत को आजादी दिलाई। महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू,सरदार वल्लभभाई पटेल, सुखदेव, राजगुरु, रामप्रसाद बिस्मिल जैसे कई स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने भारत छोड़ो आंदोलन चलाकर देश को आजादी दिलाई। वही नगर कांग्रेस अध्यक्ष सैफू गौरी ने कहा कि भारत केवल एक ऐसा देश है जहाँ लोकतंत्र जीवंत है, और यह कांग्रेस के महान नेताओं की ही देन है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बना। वही उन्होंने जोर देकर कहा कि ‟कांग्रेस एक विचारधारा है और विचारधारा कभी मरती नहीं‟। कांग्रेस सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं है, बल्कि ‟भारत की आत्मा की आवाज‟ है, जो हमेशा कमजोरों और वंचितों के साथ खड़ी रही है।

### कांग्रेस दुनिया की सबसे पुरानी और संगठित पार्टी है

इस मौके पर देवपुर ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन राजपूत ने कहा कि कांग्रेस दुनिया की सबसे पुरानी और संगठित पार्टी है और आज के दिन कार्यकर्ता पार्टी के मूल्यों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लेते हैं। नफरत, अन्याय और तानाशाही के खिलाफ सत्य और साहस के साथ संविधान की रक्षा की लड़ाई को और मजबूती से लड़ने का संकल्प लिया। आज पार्टी के 140 वर्षों के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए इसे देश की लोकतांत्रिक यात्रा का आधार बताया। इस दौरान बडी संख्या में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महाराष्ट्र के छात्रों ने ग्यारसपुर की ऐतिहासिक धरोहरों को निहारा अनुभव साझा कर हुए अभिभूत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर अपनी गौरवशाली, वैभवशाली और समृद्ध ऐतिहासिक विरासत के लिए प्रसिद्ध ग्यारसपुर एक बार फिर देश के दूसरे राज्यों से आए विद्यार्थियों के आकर्षण का केंद्र बना। महाराष्ट्र के रत्नागिरी स्थित गोगटे–जोगलेकर कॉलेज से आए 36 विद्यार्थियों का दल अपने शिक्षकों के साथ ग्यारसपुर की प्राचीन ऐतिहासिक इमारतों के भ्रमण पर पहुंचा, जहां उन्होंने यहां की अद्भुत स्थापत्य कला और सांस्कृतिक विरासत को नजदीक से देखा।

विद्यार्थियों ने माला देवी मंदिर, हिंडोला तोरण, बाजरा मठ (सूर्य मंदिर), आठ खम्मा और ढैकीनाथ बुद्ध स्तूप सहित अन्य ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन किया। इस दौरान कॉलेज के प्रोफेसर निनंद तेंदुलकर ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ग्यारसपुर की 9वीं–10वीं शताब्दी की ये इमारतें आज भी अत्यंत भव्य और आकर्षक दिखाई देती हैं। पत्थरों पर की गई महीन नक्काशी और उत्कृष्ट शिल्पकला प्राचीन भारतीय कारीगरों की अद्वितीय प्रतिभा को दर्शाती है।

विद्यार्थियों ने बताया कि यह भ्रमण उनके लिए ज्ञानवर्धक और यादगार रहा। ग्यारसपुर की इमारतें इस बात का प्रमाण हैं कि यहां विभिन्न कालखंडों में हिंदू, बौद्ध और अन्य धर्मों को मानने वाले शासकों का शासन रहा है। एक ही नगर में विविध धार्मिक स्मारकों की उपस्थिति सांस्कृतिक सहिष्णुता का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करती है।

## ग्राम नगतरा में श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब, कृष्ण जन्मोत्सव आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नटेरन

नटेरन से लगभग 7 किमी दूर ग्राम नगतरा में स्थित प्राचीन 51 गादी जिंद बाबा महाराज की टोरिया पर 25 दिसंबर से चल रही श्रीमद् भागवत कथा में श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ रहा है।

कथा के चौथे दिन रविवार को सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष भक्तों ने पहुंचकर कथा श्रवण किया। प्रसिद्ध कथा वाचक देवी विष्णु प्रिया ने भगवान के वामन अवतार की भावपूर्ण कथा सुनाई। कथा में नगतरा, नटेरन, सिरसी, मूडरा, रावणखाईखेड़ा, पमारिया सहित आसपास के अनेक ग्रामों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए। आज सोमवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। आयोजन की व्यवस्थाओं में आचार्य अभिषेक शर्मा निरंतर सक्रिय रहे, जबकि मंच संचालन पंडित दीपक भार्गव द्वारा किया गया। इस अवसर पर नटेरन जनपद अध्यक्ष संगीता यशपाल रघुवंशी एवं सरपंच प्रदीप श्रीवास्तव ने कथा वाचिका देवी विष्णु प्रिया का शॉल व श्रीफल भेंट से स्वागत किया तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा के यजमान भूरा चौधरी द्वारा ठाकुर जी एवं व्यास गादी की विधिवत पूजन-आरती संपन्न कराई गई।

## कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नटेरन



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नटेरन के तत्वावधान में कांग्रेस पार्टी का 140वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता दादा प्रेम सिंह रघुवंशी, उमराव सिंह मीणा, कमल सिंह मीणा, सुदामा प्रसाद शर्मा, भगवान सिंह दांगी, रमेश विश्वकर्मा, ख्याली आदिवासी, ओमप्रकाश जाटव, बाबूलाल विश्वकर्मा, भीकम सिंह अहिरवार, रघुवीर दीक्षित एवं देवेंद्र शर्मा का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद शर्मा ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा को लेकर शपथ पत्र का वाचन कराया। कार्यक्रम का संचालन रमेश तिवारी ने किया। स्थापना दिवस के अवसर पर वक्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के 140 वर्षों के संघर्ष, बलिदान और लोकतंत्र की मजबूती में योगदान को याद करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया।

### विशाल हिन्दू सम्मेलन 4 जनवरी को पिपलधार में



**पिपलधार।** सकल हिन्दू समाज का विशाल वैचारिक सम्मेलन 4 जनवरी 2026 को ग्राम पिपलधार में आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारियां जोर शोर से की जा रही हैं। सम्पर्क टोलियों द्वारा गांव-गांव, घर-घर जाकर संपर्क एवं प्रचार के माध्यम से आयोजन में बड़ी संख्या में शामिल होने के लिए लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। आयोजन को लेकर लोगों में उत्साह देखा जा रहा है।

## महाराजा खेत सिंह खंगार की जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

महाराजा खेत सिंह खंगार की जयंती पर महाराजा खेत सिंह चौराह पर कार्यक्रम आयोजित किया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रताप सिंह राय एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह ने महाराजा खेत सिंह की प्रतिमा पर तिलक लगाकर, माल्यार्पण किया। जिला मीडिया प्रभारी खंगार क्षत्रिय समाज विकास संघ राजेंद्र कुमार राय ने बताया की क्षत्रिय सम्राट गड़कुंडार नरेश , जूझौतीखंड के संस्थापक, कुलगौरव महाराजा खेत सिंह खंगार का जन्म 27 दिसंबर 1140 ई . मैं जूनागढ़ में हुआ था सन 1182 ई. से 1347 ई. तक खंगार राजवंश जिजौखंड राज्य के अधिपति बने महाराजा खेत सिंह ने गढ़कुड़ार को अपनी राजधानी बनाकर एक स्वतंत्र हिंदू राष्ट्र की स्थापना की थी खेत सिंह मात्र 16 वर्ष की आयु में शेर से लड़ गए थे ईस विरता को देखकर महाराजा पृथ्वीराज चौहान ने खेत सिंह से दोस्ती कर ली थी और उन्हें दिल्ली ले गए थे पृथ्वीराज चौहान के साथ खेत सिंह ने कई युद्ध जीते थे। महाराजा खेत सिंह की जयंती पर हर साल 27 से 29 दिसंबर तक गढ़कुड़ार महोत्सव मनाया जाता है।

## श्रीमद् भागवत कथा के लिए निकाली भव्य कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जोशी परिवार द्वारा अपने पूर्वजों की पुण्य स्मृति में आयोजित 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के लिए रविवार को कलश यात्रा निकाली गई। कथा 29 दिसंबर से 4 जनवरी तक चलेगी। कथा का वाचन प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित अंकित कृष्णा शास्त्री द्वारा किया जा रहा है। कथा के शुभारंभ अवसर पर नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सिर पर कलश धारण किए भक्तजन भजन-कीर्तन करते हुए नगर भ्रमण पर निकले, जिससे पूरे क्षेत्र में धर्ममय और भक्तिमय वातावरण बन गया। श्रद्धालुओं ने इस यात्रा को धर्म लाभ अर्जित करने का सौभाग्य बताया।

# दल ने योजनाओं की हकीकत परखी, बागवानी देख हुए प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

सरकारी योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति जानने के उद्देश्य से केंद्रीय अधिकारियों का एक दल ग्यारसपुर की एक ग्राम पंचायत पहुंचा।

दल में मनीष कुमार, शिव कुमार, दिनेंद्र कुमार, वेद प्रकाश, सुशील कुमार एवं रामदास शामिल रहे। अधिकारियों ने पंचायत पहुंचकर सर्वप्रथम ग्राम पंचायत सरपंच राजू कुशवाहा एवं सचिव नरसिंहदास बैरागी से शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त ली। इसके बाद केंद्रीय दल ने ग्रामीणों एवं हितग्राहियों से सीधा संवाद कर यह जाना कि प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण विकास, किसान कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, पोषण आहार, सामाजिक न्याय सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ वास्तव में गरीब, मजदूर, बेसहारा एवं मध्यम वर्ग तक पहुंच रहा है या नहीं। अधिकारियों ने योजनाओं के क्रियान्वयन, नवाचार, चुनौतियों तथा सुधार की संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान केंद्रीय दल ग्राम पंचायत की महिला किसान रानी कुशवाहा के खेत पर पहुंचा, जहां बगिया मां के नाम योजना के अंतर्गत विकसित बागवानी का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने जैविक एवं प्राकृतिक पद्धति से की जा रही बागवानी खेती, फलदार वृक्षों की स्थिति देखकर महिला किसान की सराहना की और इसे प्रेरणादायक पहल बताया।

भ्रमण के समय जिला समन्वयक राधेश्याम खंगार, परियोजना अधिकारी संजय सिंह, जनपद पंचायत ग्यारसपुर के सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी महेश कुशवाहा, उपयंत्री शानू जैन एवं रोजगार सहायक शिवानी चौरसिया भी उपस्थित रही ।केंद्रीय दल के इस निरीक्षण से पंचायत स्तर पर योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और पारदर्शिता को लेकर सकारात्मक संदेश गया।



### धनौरा धाम में हिन्दू सम्मेलन आयोजित हुआ

**गुलाबगंज।** गुलाबगंज खंड के वन जागीर मंडल में बालाजी सरकार के धनौरा ग्राम में हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। आयोजन सुबह 9 बजे सुन्दर कांड से शुरू हुआ। इसके बाद भारत माता की आरती की गई ।इसके बाद सभी ग्रामीण क्षेत्रों से और लोग बौद्धिक पांडाल में पहुंचे। कार्यक्रम में संघ के खंड संघ चालक शिवप्रसाद तिवारी, खंड प्रचारक केशव नामदेव, नूरपुर धाम के बालकदास महाराज, दौलत राम दुबे, रोहित राज शास्त्री, पंकज शास्त्री, गोपाल भार्गव, अरुण शर्मा, राजकृष्ण शास्त्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गौसेवक और समाज सेवकों का सम्मान किया। मुख्यवक्ता के रुप में केशव नामदेवने समाज में में फैली छुआछूत भेद भाव को को दूर कर सामाजिक एकता पर बल दिया एवं एकजुट होकर समाज की चुनौतियों का सामना करने का आह्वान किया।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात चोर रात में घर से रखी बाइक ले उड़े

**दीवानगंज।** मिलिट्री कैंप बालमपुर के पास स्थित एक घर से देर रात अज्ञात चोरों ने घर में रखी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 04 जीके 4330 चोरी कर ले गए। सुबह जब घरवाले नींद से जागे तो देखा घर के आंगन में रखी मोटरसाइकिल नहीं मिली, तो फरियादी जितेंद्र सिंह सिसोदिया ने पुलिस को सूचना दी।

### नागिन मोड़ के पास दिख रहा बाघ बाघिन का जोड़ा

**बरेली।** बाड़ी के बारना बांध के पास नागिन मोड पर रात में बाघ बाघिन दिखने से भारी दहशत का माहौल ग्रामीणों में बना हुआ है। वन विभाग द्वारा लोगों से सतर्कता बरतने का आग्रह और चेतावनी दी जा रही है। कुछ दिनों पूर्व हाईवे 45 पर स्थित ग्राम बगासपुर में बाघ घुसने की घटना हुई, जिससे दहशत का माहौल बना हुआ था। फोरलेन 45 पर बाड़ी नागिन मोड़ पर रात में आराम फरमाते बाघ दिखाई दिए। सिंघोरी अभ्यारण के अधीक्षक मयंक राज ने बताया कि नागिन मोड़ के पास क्षेत्र में बाघ वाघिन की हलचल बनी रहती है।

### आत्मरक्षा प्रशिक्षण से सशक्त हो रहीं छात्राएं

**सिलवानी।** छात्राओं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासन द्वारा संचालित आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत नगर के शासकीय संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विद्यालय की कक्षा 9वीं एवं 11वीं की लगभग 200 छात्राएं सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं और आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। वर्तमान समय में सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए छात्राओं का आत्मरक्षा में दक्ष होना अत्यंत आवश्यक हो गया है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन शिक्षा विभाग द्वारा यह योजना प्रारंभ की गई है, ताकि छात्राएं किसी भी विपरीत या आपातकालीन परिस्थिति में घबराने के बजाय साहस, सूझबूझ और आत्मविश्वास के साथ स्वयं की सुरक्षा कर सकें।

## शहर में चौतरफा बिछ रहा सड़कों का जाल, निर्माण पूरा होने के बाद आसान होगा सफर

# 1040 करोड़ से बन रहा भोपाल-कानपुर कॉरिडोर जोरशोर पर काम, कम होगी एमपी से यूपी की दूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

अच्छी खबर

जिले में सड़कों का जाल बिछ रहा है। साथ ही रायसेन शहर को तीन बायपास सहित भोपाल कानपुर कॉरिडोर की सौगात भी जल्द मिलने जा रही है। जानकारी के मुताबिक 1040 करोड़ रुपए की लागत से भोपाल-कानपुर कॉरिडोर के पहले फेज का निर्माण शुरू हो चुका है। जल्द ही फोरलेन, फ्लाईओवर और 90 पुल-पुलियाओं से रायसेन का विकास तेज होगा।

भोपाल-कानपुर कॉरिडोर के तहत भोपाल से कौड़ी तक 42 किमी लंबी सड़क के पहले फेस के निर्माण की प्रक्रिया शुरु हो गई है, जो कोड़ी से विदिशा तक बनाए जा रहे दूसरे फेस से जुड़ेगी। भोपाल के रत्नागिरी तिराहे से रायसेन होते हुए सांची रोड पर मोरी-कौड़ी गांव तक फोरलेन सड़क रायसेन के गोपालपुर से होकर गुजरेगी, जहां फ्लाईओवर बनाया जाएगा।

### खरबई घाटी से बनेगा बायपास

आरोग्यम केंद्र खरबई घाटी से लेकर पुलिस चौकी के पीछे से बायपास बनेगा। इसके अलावा रमपुरा केसरी के समीप बेतवा नदी पर बड़ा पुल बनाया जाएगा, जिससे यातायात सुलभ और आसान हो जाएगा। कानपुर कॉरिडोर निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।






### भूमि का किया अधिग्रहण

इस 42 किमी लंबे फोरलेन का निर्माण 1040 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। जिसमें से लगभग 36 करोड़ रुपए भू-अर्जन पर खर्च किए गए हैं। उक्त सड़क बनाने के लिए सरकारी, निजी क्षेत्र की सिंचित और असिंचित 115 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया है।
- **मनीष शर्मा**, एसडीएम रायसेन।

### जल्द बनेगा कॉरिडोर

इस कॉरिडॉर के बन जाने से रायसेन जिला फोरलेन से घिर जाएगा। जिले में पहले ही भोपाल-जबलपुर नेशनल हाइवे बन चुका है, जिससे मंडीदीप, औबेदुल्लागंज, बाड़ी, बरेली और उदयपुरा जुड़े हुए हैं। भोपाल-कानपुर कॉरिडोर से रायसेन जुड़ जाएंगा। हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस कॉरिडोर को जल्द पूरा किए जाने का निर्णय लिया गया है।
- **ऊधम सिंह**, प्रोजेक्ट मैनेजर, वीआरएस कंपनी।

### » भोपाल-रायसेन-विदिशा कॉरिडोर बनने से मिलेगी विकास को गति...

भोपाल से रायसेन होते हुए मेहगांव विदिशा तक बन रहे इस कॉरिडोर में कौड़ी से विदिशा तक निर्माण लगभग पूरा हो गया है। अब कौड़ी से भोपाल तक का निर्माण शुरू हो रहा है। दरअसल इस कॉरिडोर के बनने से रायसेन के विकास को गति मिलेगी। इससे पहले पहले बने रायसेन बायपास, कौड़ी, विदिशा बायपास के निर्माण से विकास की शुरुआत हो चुकी है। भोपाल-रायसेन बायपास पर सरकारी दफ्तर, कई भवन और होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट्स के विकास का शुरू हो चुके हैं। कॉरिडोर के बनने से विकास को रफ्तार मिलेगी, जिससे रायसेन शहर के विस्तार के साथ ही व्यावसायिक गतिविधियां भी बढ़ेंगी।

### 100 किमी की दूरी एक घंटे में होगी पूरी

जानकारी के अनुसार नई सड़क का डिजाइन इस तरह से तैयार किया है कि सौ किमी प्रति घंटे की रफ्तार से वाहन दौड़ सकेंगे। कुछ साल पहले ही भोपाल से सांची तक टू-लेन सड़क का निर्माण कराया था। अब इसे फोर लेन बनाया जाएगा, जिससे भोपाल से कानपुर तक आवागमन सुलभ होगा। इससे व्यापार में बढ़ोतरी के साथ बीच में पड़ने वाले शहरों का विकास भी होगा।

### गोपालपुर पर बनेगा फ्लाई ओवर ब्रिज

गोपालपुर रायसेन बाईपास जोड़ के समीप फ्लावर ओवर ब्रिज का बड़ा निर्माण होगा। यह बड़ा ब्रिज गोपालपुर बायपास जोड़ से लेकर टपरिया ढाबे के पीछे तक बनाया जाएगा। ताकि उसके नीचे से यातायात सुचारू चलता रहे ऊपर से वाहन दौड़ते हुए सीधे कॉरिडोर से जुड़ सकेंगे।

### पूरे कॉरिडोर में 90 पुल और पुलियाओं का किया जाएगा निर्माण

भोपाल से रायसेन के बीच एक गांव ऐसा है जहां से बाईपास बनाया जाएगा। इससे खरबई की चिड़िया टोल के पास वाली खतरनाक घाटी, पुराना माना वाटर फिल्टर के अंधे मोड़ को भी खत्म किया जाएगा। लगभग तीन किलोमीटर का बाईपास बनाया जाएगा।इसके अलावा 90 पुल पुलियाओं का भी निर्माण किया जाएगा। इसमें साथ छोटे और एक बड़ा ब्रिज बेतवा नदी जाखा पुल पर बनाया जाएगा। टू लेन से फोर लेन सड़क निर्माण में खतरनाक अंधे मोड़ और घाटियों को कम किया जाएगा। ताकि वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक भी लग सके और खतरा भी कम हो।

# तीर्थ धाम ज्ञानोदय जैन मंदिर में केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज।

रविवार को फैक्ट्री चौराहा पर स्थित तीर्थधाम ज्ञानोदय जैन मंदिर में पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने डॉ. संजीव कुमार गोधा आत्मार्थी निलय का शिलान्यास किया।

इस मौके पर विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, संतोष शर्मा रितेश अग्रवाल, सरपंच गिरजेश नायक, गंगाराम चौकसे सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी



कार्यकर्ताओं और जैन मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने मंत्री का भव्य स्वागत किया। तीर्थ धाम ज्ञानोदय जैन मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री, एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जैन समाज के आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व प्रकाश डाला।

### श्रीरामलीला महोत्सव में सीताहरण की लीला प्रसंग का हुआ मंचन

# कंचन मृग पाछै फिरे, राम गए बन माहि। लंकापति रावण हरयो, सीताजी को छाहिं॥

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में चली रही श्री रामलीला महोत्सव में रविवार को सीताहरण की लीला का कलाकारों द्वारा मैदानी मंचन किया गया। श्रीरामलीला देखने के लिए ग्राउंड पर शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से भारी जनसमुदाय उपस्थित रहा।

लीला में पंचवटी कुटी के समीप एक सुंदर सोने जैसा मृग माता सीता को दिखाई पड़ता है। उसे देखकर सीताजी भगवान प्रभु श्रीराम से कहती हैं कि हे स्वामी इसे पकड़कर ले आइए। भगवान राम उस मृग को



पकड़ने वन में चल देते हैं। मृग आगे आगे भागता है और तीर कमान लेकर भगवान राम उसके पीछे चलते हैं। मौका पाकर भगवान राम धनुष से बाण चला देते हैं। इससे उसके मुंह से राम-राम की आवाज निकलती है जो कि माता सीता के कानों तक पहुंचती है। इधर, सीता जी लक्ष्मण से कहती है कि है लक्ष्मण मेरे स्वामी किसी संकट में हैं, आप जाकर पता लगाओ।

लक्ष्मण जी कहते हैं कि ऐसा नहीं हो सकता तब, सीता जी के कटु वचन बोलने पर लक्ष्मण जी एक रेखा खींचकर वन की ओर चल देते हैं। इधर साधु का वेश धारण कर लंकापति रावण माता सीता को छल से हरण कर ले जाता है।

वहीं रास्ते में जटायु रावण को अपनी नुकीली चोंच से मुंह मारकर रोकने का प्रयास करता है। तो रावण उसके चंद्र खड्ग से पंख काटकर घायल कर देता है।

# कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कांग्रेस पार्टी के 140वें स्थापना दिवस पर शहर कांग्रेस ब्लॉक द्वारा ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रायसेन शहर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मनोज अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने पार्टी के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम में कांग्रेस के योगदान और संविधान, लोकतंत्र व सामाजिक न्याय के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता को याद किया। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को और अधिक मजबूत करने का




संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनोज अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की है।

स्थापना दिवस के अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर राजू महेश्वरी, संतोष शर्मा, प्रेमनारायण मीणा, कामता राजोरिया, हसीब हिंदुस्तानी, अकील इंडियन, इरफान लाला, जावेद अहमद, राजकुमार सेन, कम्मू सेन, असलम खान सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आज से श्रीकृष्ण गौशाला उचेरा जमुनिया में आरंभ होगी भागवत कथा

**सिलवानी।** तहसील के उचेरा जमुनिया में श्रीमद् भागवत कथा का सप्त दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। 29 दिसंबर (सोमवार) से प्रारंभ होने वाली कथा का समापन 4 जनवरी को किया जाएगा। स्टेट हाइवे 44 पर स्थित ग्राम उचेरा जमुनिया की श्रीकृष्ण गौशाला में कथा व्यास पंडित हितेश कृष्ण शास्त्री के मुखारविंद्र से कथा का आयोजन किया जा रहा है। जबकि मंच संचालन पंडित बालकृष्ण शास्त्री के द्वारा किया जाएगा। आयोजको ने कथा श्रवण का समय दोपहर 1 बजे शाम 4 बजे तक निर्धारित किया है। कथा प्रारंभ होने से पूर्व सोमवार को ग्राम स्थित हनुमान मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जो कि कथा स्थल पर पहुंच कर समाप्त होगी। आयोजको ने श्रद्धालुओं से तय समय पर पहुंच कर कथा श्रवण करने का आग्रह किया हैं।

# खंड रायसेन के मंडल सांचेत में हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन, 'समरसता' का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रविवार को रायसेन खंड के सांचेत मंडल में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में शामिल होकर सकल हिन्दू समाज ने समरसता का संदेश दिया। यह हिंदू सम्मेलन सामाजिक समरसता और सम्राट भारत के उपदेश को लेकर संपन्न हुआ है।

हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत के संघ चालक राजेश सेठी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने भाषण में हिंदू समाज के जागरण हिंदू समाज के जागरण की आवश्यकता तथा पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज परिवर्तन पर विशेष रूप से ध्यान दिया। हिंदू सम्मेलन में कविता पाठ का भी गायन किया गया।



### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा निकाली भव्य रेली

**सांची।** खंड सांची के मंडल मेढ़की, तिजालपुर के ग्राम रतनपुर गिरधारी में 4 जनवरी को आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन का भूमिपूजन और ट्रैक्टर वाहन रैली का आयोजन। ग्राम बरौला, बराईखास, तिजालपुर, खामखेड़ा, रतनपुर, मेढ़की सहित अन्य गांव के लगभग 150 ट्रैक्टरों के साथ वाहन रैली निकाली गई। तदोपरांत भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विभाग प्रचार प्रमुख प्रेमसिंह धाकड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज की यह पावन बेला, यह गूंजता हुआ शंखनाद इस बात का प्रमाण है कि आज हम केवल एक कार्यक्रम की नींव नहीं रख रहे, बल्कि हम अपने सांस्कृतिक पुनरुत्थान के एक नए अध्याय की शुरुआत कर रहे।

### ध्वज स्थापना के साथ भूमिपूजन संपन्न

**बाड़ी।** संघ शताब्दी वर्ष पर नगर में आयोजित होने वाले भव्य हिंदू सम्मेलन को लेकर दशहरा मैदान में वैदिक मंत्रोच्चार एवं वेद पाठ के साथ धर्माचार्यों के संरक्षक मंडल द्वारा विधिवत ध्वज की स्थापना की गई तथा भूमिपूजन संपन्न हुआ। यह सम्मेलन आगामी 18 जनवरी को आयोजित किया जाएगा।

ध्वज स्थापना की शुरुआत दुर्गा मंदिर परिसर से हुई। यहां से हिंदू समाज के लोगों ने हाथों में भगवा ध्वज लेकर भव्य चल समारोह निकाला। यह चल समारोह चिंतामन चौराहा पहुंचा और वहां से हिंगलाज रोड होते हुए दशहरा मैदान में संपन्न हुआ।

## जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नहीं देने के चलते बाल मजदूरी पर नहीं लग रही रोक

### क्या ऐसे पढ़ेगा इंडिया और ऐसे बढ़ेगा इंडिया

# पढ़ने की उम्र में कचरा बीनने के साथ भीख मांग रहा भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

पढ़ेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया यह नारा उस तस्वीर के आगे फीका पड़ता दिखाई देता है, जिसमें स्कूल जाने की उम्र में बच्चे थैला लेकर भीख मांगने सहित पन्नी बीनने और बाल मजदूरी करते दिखाई देते हैं। जी हां हमारे सिस्टम की उदासीनता कहें या बाल संरक्षण के प्रति लापरवाही। शिक्षा के लिए करोड़ों रुपए की योजनाएं बनती है, मगर जमीनी स्तर पर आकर कितनी सही साबित होती हैं यह तस्वीर देखकर आप अंदाजा लगा सकते हैं।

यह मामला जिले की सांची विधानसभा के सलामतपुर, बेरखेड़ी चौराहा और दीवानगंज क्षेत्र का है, जहां घुमक्कड़ जाति के कई मोहल्ले हैं। सुबह जिस समय दूसरे घरों के बच्चे स्कूल के लिए हाथ में बस्ता लेकर निकलते हैं। वहीं इस मोहल्ले के बच्चे हाथ में थैला लेकर कचरा बीनने, भीख मांगने या बाल मजदूरी करने जाते हैं। करोड़ों रुपए की सरकारी योजनाएं तो बनती है,



मगर इन बच्चों तक क्यों नहीं पहुंच पाती हैं।

भले ही हमारे देश में डिजिटल क्रांति की बात की जा रही है । मेकिंग इंडिया की बात की जा रही है । मगर बाल मजदूरी हमारे देश में नासूर बना हुआ है।

इसी तरह का एक मामला सलामतपुर के राजीवनगर में भी आया है, जहां भोपा समाज के लगभग 30 से 35 बच्चे शिक्षा से वंचित है। कुछ वर्ष पूर्व ही राष्ट्रीय बाल एवं संरक्षण अधिकार आयोग के पूर्व अध्यक्ष व राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने सलामतपुर के पास धपसटनगर तथा राजीव नगर पहुंचकर भोपा जाति के लोगों से मिलकर उन्हें और बच्चों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया था। निवासरत भोपा समाज के करीब 20 परिवारों के लगभग 30 से 35 बच्चों शिक्षा से वंचित हैं।

### कानूनगो ने ली थी सुध

वर्तमान राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य एवं पूर्व राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने भोपा समाज के लोगों से भेंट करने के पश्चात अधिकारियों से कहा कि भोपा समाज को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए जरूरी है कि उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया जाए।

श्री कानूनगो ने अधिकारियों को भी निर्देश दिए थे कि भोपा समाज के लोगों के लिए मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही भोपा समाज के बच्चों का स्कूल में दाखिला कराकर स्कूल में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सांची के पूर्व नायब तहसीलदार तथा पूर्व सांची जनपद सीईओ को निर्देश देते हुए कहा था कि भोपा समाज की जाति का निर्धारण करने जरूरी कार्रवाई की जाए।

### शासन के निर्देश पर लिया गया था इनका फालोअप

शासन ने हमको जो रिपोर्ट दी थी, उसके अनुसार इन सभी के जाति प्रमाण पत्र व बीपीएल कार्ड बनवा दिए थे। ये काम तो शासन ने कर दिया था। इस मामले में ऐसे बच्चों व उनके परिवार का फॉलोअप फिर से लेना चाहिए।
- **मूलचंद यादव**, पूर्व सरपंच सुनारी।

### बाल मजदूरी नहीं करना पड़े, ऐसे प्रयास हों

शासन प्रशासन द्वारा कचरा बीनने वाले बच्चों के लिए कोई भी ऐसा प्रयास नहीं किया जा रहा है, जिससे उनको बाल मजदूरी व भीख ना मांगना पड़े। सलामतपुर, दीवानगंज, बेरखेड़ी चौराहा पर कचरा बीनने के साथ भीख मांगते कई बच्चे मिल जाएंगे।
- **रघुवीर मीणा**, सरपंच रातातलाई।

## जागरूकता के लिए निकाली विशाल कलश यात्रा

# नगर में हिंदू सम्मेलन तैयारी और संपर्क अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नए वर्ष 2026 की 4 जनवरी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में नगर में हिन्दू सम्मेलन का भव्य विशाल आयोजन हो रहा है। हिन्दू सम्मेलन के लिए संपर्क एवं जागरूकता अभियान की तेज गतिविधियां बनी हुई है रविवार को नगर के प्रमुख मार्गों पर सैकड़ो महिलाओं की कलश यात्रा निकाली गई जिसका समापन हिन्दू सम्मेलन स्थल थाना मैदान पर हुआ।

नगर के विभिन्न हिस्सों की सैकड़ो महिलाएं पशु चिकित्सालय मैदान में उपस्थित हुई पीले विशेष वस्त्र धारण कर और सर पर कलश रखकर महिलाएं हिन्दू सम्मेलन जागरूकता यात्रा में सम्मिलित हुई कलश यात्रा में दो रथ एक रथ पर भारत माता की झांकी उसके पीछे



घोड़े पर सवार झांसी की रानी के बाद कलश सर पर लिए महिलाओं के हाथों में भगवा ध्वज भी लहरा रहे थे।महिलाओं की कलश यात्रा में विभिन्न हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी सदस्यों एवं हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति के पदाधिकारी भी साथ पैदल चलते रहे कलश यात्रा में ब्रह्माकुमारी संस्था की दीदीयां भी सम्मिलित हुई। कलश यात्रा ने नगर की प्रमुख मार्गो बाजारों का भ्रमण किया।